## खास-खबरें

### वास्ती के सम्मान में जश्ने मुहब्बत कार्यक्रम



**भोपाल।** प्रसिद्ध शायर बदर वास्ती को वर्ष 2023 के लिए रंगकर्म के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने हेतु राष्ट्रीय हबीब तनवीर राष्ट्रीय कला साधना सम्मान से सम्मानित किए जाने पर हम सब एजुकेशनल एंड सोशल सोसाइटी भोपाल तथा बजमे शाहिद अख्तर द्वारा जश्ने मुहब्बत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के प्रसिद्ध नाटककार, शायर, साहित्यकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### मदर्स डे पर साइकिल रैली का आयोजन



**भोपाल।** दुनियाभर में मदर्स-डे 14 मई को हर वर्ष मनाया जाता है। हर मां के प्यार और करुणा का जश्न मनाने और उन्हें महसूस कराने का प्रयास करने का यह एक आदर्श दिन है। इस दिन को लोग अपने-अपने तरीके से सेलिब्रेट करते हैं। भोपाल बाइसिकल राइडर्स ग्रुप के विनोद पांडेय ने हम से बात की ये साइकिल रैली भेल से शुरू होकर शहर के अलग-अलग बाजारों से होते हुए समरधा से होते हुए इस्कॉन टेम्पल से होते हुए भेल ग्राउंड संपन्न हुई।

### दुर्गावाहिनी को दिखाई द केरला स्टोरी



**भोपाल।** बजरंग दल जिला वीर सावरकर प्रताप प्रखंड द्वारा आज मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी को भारत टॉकीज में द केरला स्टोरी मूवी दिखाई गई। जिला प्रचार प्रसार प्रमुख विजेंद्र सिंह परिहार ने बताया भोपाल विभाग सह संयोजक अभिजीत सिंह राजपूत ने कहा जिस प्रकार द केरला सटोरी बनी है तो बजरंग दल संकल्प लेता है कि भोपाल को कभी द भोपाल सटोरी नहीं बनने देंगे। जिला मातृशक्ति संयोजिका जिला सह संयोजक चंचल डोंगरी प्रखंड संयोजक राकेश रायकवार जी प्रखंड सह मंत्री अभिषेक कुशवाहा प्रखंड सह संयोजक अजय सोदे सह संयोजक मनीष सैनी नरेंद्र विश्वकर्मा एवं सभी दायित्व वान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एलटीटी-बनारस-एलटीटी के मध्य साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

**भोपाल।** रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 01053/01054 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस के मध्य साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (वाया- इटारसी-जबलपुर) चलाई जा रही है। गाड़ी संख्या 01053 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 15, 22, 29 मई एवं 5 जून को लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से 12.15 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन 00.20 बजे इटारसी पहुँचकर, 00.30 बजे इटारसी से प्रस्थान कर, 16.05 बजे बनारस स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01054 बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल 16, 23, 30 मई एवं 6 जून को बनारस स्टेशन से 20.30 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन 10.10 बजे इटारसी पहुँचकर, 10.15 बजे इटारसी से प्रस्थान कर, 23.55 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन पहुंचेगी।

### मामूली विवाद पर ऑटो चालक भिड़े

**भोपाल।** बैरागढ़ इलाके में ऑटो खड़ा करने के विवाद दो ऑटो चालको के बीच जमकर विवाद हो गया। इस दौरान एक महिला को धारदार हथियार से चोंट लगने की भी सूचना है। झगड़े का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस वीडियो में एक महिला छुरी लगने से घायल नजर आ रही है। लेकिन पुलिस का कहना है कि छुरीबाजी का मामला उनके संज्ञान में नहीं है, वीडियो में दिख रही महिला पुलिस कार्यवाही से पहले ही मौके से निकल गई थी। पुलिस के मुताबिक बैरागढ़ इलाके के सीहोर नाका पर पर रविवार सुबह करीब 11 बजे दो ऑटो चालकों में गाड़ी खड़ा करने को लेकर विवाद हो गया था। झगड़ा होते देख मौके पर भीड़ जमा हो गई और किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसी दौरान झगड़े की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस ने इस्लामी गेट, शाहजनाबाद निवासी 20 वर्षीय रोहित साहू पुत्र राम गोपाल साहू और सीहोर नाका, बैरागढ़ के रहने वाले शाहरूख (20) पुत्र सलीम खान को गिरफ्तार कर लिया है। स्टैण्ड पर ऑटो खड़ा करने को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया था। इस दौरान रोहित की पत्नी भी मौके पर पहुंच गई और दोनों पक्षों में झगड़ा शुरु हो गया।

### सड़क पार कर रहे किशोर को अज्ञात बाइक ने टक्कर मारकर किया घायल

**भोपाल।** गुनगा इलाके में सड़क पार कर रहे किशोर को अज्ञात बाइक ने टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। किशोर को इलाज के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला दर्ज कर पुलिस टक्कर मारकर फरार बाइक चालक की जानकारी जुटाने के प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार ग्राम रुनाहा थाना नजीराबाद में रहने वाले 27 वर्षीय मीन सिंह पंवार खेती किसानी करते है। शाम करीब साढ़े छह बजे वह अपनी पत्नी दुतीयबाई और नौ साल के बेटे के साथ बस से अपनी ससुराल पारदी टोला ग्राम उनींदा जा रहे थे। चमारी नदी पुलिया पर बस रुकने पर तीनों उतरे और सड़क पार कर दूसरी तरफ जाने लगे। तभी तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात बाइक सवार ने उनके बेटे को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगो ने सूचना देकर एम्बुलेंस को बुलाया, जिसके बाद घायल नाबालिग को को इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी सुरागशी के प्रयास शुरू कर दिये है।

# कार्यकर्ता परिश्रम की पराकाष्ठा कर संगठन को मजबूत बनाएंः शर्मा

### प्रदेश अध्यक्ष ने शाहपुरा में बूथ विजय संकल्प अभियान को किया संबोधित



भोपाल (काप्र)।

**भाजपा के कार्यकर्ता देवतुल्य हैं। कार्यकर्ता के अथक परिश्रम और समर्पण के बल पर भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बनी है। बूथ विजय संकल्प अभियान के माध्यम से कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचकर पार्टी की रीति-नीति एवं केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से जोड़ने का काम करेंगे।**

इस अभियान से प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ता परिश्रम की पराकाष्ठा कर पार्टी के 51 प्रतिशत वोट शेयर के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफलता हासिल करेंगे। यह बात पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बूथ विजय संकल्प अभियान के अन्तर्गत रविवार को भोपाल जिले के शाहपुरा में वार्ड क्रमांक 48 के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। श्री शर्मा ने कार्यकर्ताओं को बूथ विजय का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के पूर्व में श्री शर्मा ने शाहपुरा स्थित राजराजेश्वर कार्तवीर्यार्जुन सहस्त्रबाहु मंदिर में पूजन-अर्चन कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ताओं की सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका है। केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं के लाभ से कोई गरीब वंचित है तो मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, बूथ की समिति, पन्ना प्रमुख और पन्ना समिति के सदस्य उन्हें लाभ दिलाने का काम करें।

श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की 15 महीने की सरकार में महिलाओं की सूध नहीं ली, अब 1500 रूपए देने का झूठ और भ्रम फैला रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लाडली बहनों के खाते में 1000 रूपए डालेगी। आगामी 1 तारीख से बूथ समिति के सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर जिस बहन को एक हजार मिलेंगे, उन्हें स्वीकृति पत्र देकर भाजपा सरकार की योजनाओं को विस्तार से बतायेंगे। श्री शर्मा ने कहा कि 22 प्रकार के करणीय कार्यों को बूथ पर निरंतर करना है। बूथ के नवमतदाताओं के साथ विभिन्न समाजों के प्रमुखों से मिलकर उन्हें पार्टी की रीति-नीति से अवगत कराना बूथ समिति, पन्ना प्रमुख और बूथ अध्यक्ष की जिम्मेदारी है। श्री शर्मा ने कहा कि 80 वर्ष के नागरिकों को घर से ही वोट डालने का अधिकार है, ऐसे मतदाताओं से संपर्क कर भाजपा को वोट देने के लिए प्रेरित करना हमारा कर्तव्य है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर 30 मई से 30 जून तक कार्यक्रम चलाया जाएगा। जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी भूमिका का निर्वहन करें।

इस दौरान इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम के अध्यक्ष शैतान सिंह पाल, पूर्व जिलाध्यक्ष विकास वीरानी, जिला उपाध्यक्ष राहुल राजपूत, जिला महामंत्री रविंद्र यति, मंडल अध्यक्ष मुकुल लोखंडे, मंडल महामंत्री अभिषेक पुरोहित सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नारी सम्मान योजना और कांग्रेस के संदेश को घर-घर पहुंचाएं : अग्रवाल



भोपाल (काप्र)।

**प्रदेश कांग्रेस कमेटी में रविवार को जिला कांग्रेस शहर एवं ग्रामीण ईकाई के कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय महासचिव जेपी अग्रवाल और नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव कुलदीप इंदौरा ने संबोधित किया।**

श्री अग्रवाल ने कहा कि कर्नाटक की तर्ज पर मध्यप्रदेश में भी जनता कांग्रेस को विजयश्री दिलाएगी। कमलनाथ द्वारा प्रारंभ की गई नारी सम्मान योजना को घर घर लेकर जाएं एवं बड़ी संख्या में पंजीयन कराए। भाजपा सरकार ने दमन करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर मुकदमे लगाए उन्हें डराया-धमकाया गया, किंतु कार्यकर्ता डरा नहीं, गांधीवादी विचार पर डटकर मुकाबला किया। सब मिलकर मेहनत करें। अभा कांग्रेस के सचिव कुलदीप इंदौरा ने कहा कि कार्यकर्ता वोटर लिस्ट और बूथ पर कांग्रेस का संदेश घर घर लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि जिला व ब्लाक कांग्रेस ही पार्टी की रीढ़ है। सभी कार्यकर्ताओं ने श्री अग्रवाल और श्री इंदौरा का फूल मालाओं से स्वागत किया। बैठक में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, संगठन प्रभारी राजीव सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष विभा पटेल, जिला शहर अध्यक्ष कैलाश मिश्रा ग्रामीण अध्यक्ष अरूण श्रीवास्तव, वरिष्ठ नेता आसिफ जकी, जयश्री हरिकरण, दीपचंद यादव, पार्षद रियाज मौलाना सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

## शादी के दो माह बाद ही विवाहिता ने जहर खाकर दी जान

भोपाल(काप्र)।

**गुनगा थाना इलाके में शादी के दो महीने बाद नवविवाहिता द्वारा जहर खाकर आत्महत्या किये जाने की घटना प्रकाश में आई है। उसकी शादी मंडीदीप में हुई थी, लेकिन इन दिनो वह परिवार में शादी होने के कारण इन दिनो ससुराल में रह रही थी।**

थाना पुलिस के अनुसार ग्राम चंदेरी, गुनगा में रहने वाली 20 वर्षीय रीतिका मीणा पति राकेश मीणा के पिता खेती किसानी करते हैं। उसकी शादी दो महीने पहले मंडीदीप में हुई थी। शादी के बाद वह ससुराल में रह रही थी, लेकिन परिवार में शादी होने के कुछ दिनो पहले वह ससुराल आ गई थी। यहॉ रितिका ने अपने परिवार वालो को बताया था, कि उसका पति उसे प्रताड़ित करता है। ससुराल आने पर उसकी पति से मोबाइल पर बातचीत होती थी। परिजनो ने पुलिस को बताया कि 1 मई की रात रितिका ने जहरीला पर्दाथ खा लिया था। हादसे की भनक लगने पर परिवार वाले उसे इलाज के लिये चूनाभट्टी स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। इलाज के दौरान उसकी हालत लगातार नाजूक होती गई, आखिरकार बीती 2 मई की सुबह नवविवाहिता ने दम तोड़ दिया। हॉस्पिटल से जानकारी मिलने पर पहुंची चुनाभट्टी पुलिस ने शून्य पर मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौंपते हुए मर्ग डायरी गुनगा पुलिस को भेज दी। मामला नवविवाहिता से जुड़ा होने के कारण इसकी जॉच एसडीओपी बैरसिया द्वारा की जा रही है। शुरुआती जॉच में सामने आया है कि नवविवाहिता को उसका पति प्रताड़ित करता था, और पति की प्रताड़ना से तंग आकर ही उसने यह कदम उठाया है। अधिकारियो का कहना है कि जॉच के आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।




अखिल भारतीय नार्मदीय ब्राह्मण महासभा की प्रथम कार्यकारिणी बैठक रविवार को श्री नार्मदीय भवन में संपन्न हुई।

## नशे में धुत्त आरोपी ने वार्ड कार्यालय में घुसकर महिला निगमकर्मी से किया दुर्व्यवहार

***भोपाल (काप्र)।*** *टीटी नगर थाना इलाके के वार्ड 31 के कार्यालय में शनिवार को प्रापर्टी टैक्स जमा करने के लिये आयोजित लोक अदालत के दौरान शराब के नशे में कार्यालय में आये आरोपी युवक ने महिला निगमकर्मी से दुर्व्यवहार किया और विरोध करने पर महिला को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। थाना पुलिस के अनुसार अंजली कॉम्प्लैक्स तुलसी नगर में रहने वाली 41 वर्षीय दीपा राजोरिया पति स्वर्गीय हरि राजौरिया नगर निगम के वार्ड 31 सेकंड स्टॉप के कार्यालय में दैनिक वेतन भोगी के पद पर पदस्थ हैं। शनिवार को वार्ड प्रभारी विजय पाठक ने उनकी ड्यूटी लोक अदालत में संपत्तिकर जमा करने के लिए लगाई गई थी। दीपा ने टैक्स जमा करने के लिए कार्यालय से मिली लिस्ट में दिए नंबरों पर लोगों को फोन लगाया था। लिस्ट में गोपाल रैयकवार नाम के व्यक्ति को भी दीपा ने सुबह के समय फोन कर लोक अदालत में टैक्स जमा करने पर छूट मिलने की जानकारी दी। इसके बाद दोपहर के समय आरोपी नशे में धुत कार्यालय आ धमका। उसने जानकारी ली कि उसे फोन किसने किया था। दीपा की जानकारी लगने पर आरोपी ने उनके साथ दुर्व्यवहार करते हुए गाली-गलौच करनी शुरु कर दी। कार्यालय में मौजूद सहकर्मियों ने जब उसका विरोध करते हुए समझाईश दी और जाने को कहा तो आरोपी ने उन्हें भी धमकी दी। हंगामा करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। बाद में पीड़िता थाने पहुंची जहॉ पुलिस ने गोपाल के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, जान से मारने की धमकी सहित अन्य धाराओ में मामला कायम कर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।*

## मां की आत्महत्या के मामले में बेटे ने पिता पर लगाए प्रताड़ित करने के आरोप

भोपाल (काप्र)।

**निशातपुरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को विवाहिता द्वारा खुदकुशी के मामले में महिला के पति ने जहॉ पुलिस को बताया था, कि उसकी पत्नी ऐसा संदेह था कि उसपर प्रेत का साया है, और इसी तनाव और मानसिक बीमारी के कारण उसने यह आत्मघाती कदम उठाया है। वहीं महिला के बेटे पिता ने पिता पर मां को प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं।**

बेटे के आरोपो के आधार पर पुलिस आगे की जॉच कर रही है, और जल्द ही मृतका के पति पर खुदकुशी के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया जा सकता है। एकता नगर, हाउसिंग बोर्ड निशातपुरा में रहने वाली 40 वर्षीय ज्योति पटेल पति लखन पटेल घरेलू महिला थी, उसका पति मेहनत-मजदूरी करता है, उसके दो बेटियां और एक बेटा अभिनेश पटेल है। बेटी की शादी हो चुकी हैं, वहीं बेटा पिता के साथ ही काम करता है। शुक्रवार सुबह लखन बेटे के साथ काम पर चला गया। दोपहर करीब दो बजे अभिनेश पटेल खाना खाने वापस घर लौटा तो उसे मॉ ज्योति बेसुध हालत में नजर आई, उसके मुंह से फैन निकल रहा था। उसके पास ही एक गिलास पड़ा था, जिसमें अलग सी गंध आ रही थी। बेटे ने पिता को इसकी जानकारी दी। इसके बाद ज्योति को इलाज के लिये हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन वहां डॉक्टर ने आंशका जताते हुए कहा कि महिला ने जहरीला पर्दाख खाया है। कुछ देर बाद ही ज्योति की मौत हो गई। ज्योति के पति लखन ने पुलिस को बताया कि बीते कुछ महीनों से उसकी पत्नी बीमार रहने लगी थी। उसके आधे सिर में दर्द बना रहता है। उसकी पत्नि को संदेह था, कि उस पर किसी प्रेत या उपरी हवा का असर है, और इसी मानसिक तनाव में आकर उसने आत्महत्या की है।

## युवती को तीन साल तक बनाया हवस का शिकार

भोपाल(काप्र)।

**निशातपुरा पुलिस ने युवती कि शिकायत पर उसके साथ काम करने वाले युवक के खिलाफ बलात्कार का मामला कायम किया है।**

आरोप है कि उनके बीच प्रेम-प्रसंग होने पर युवक उसे घुमाने के बहाने निशातपुरा इलाके के एक होटल में ले गया, और वहॉ डरा-धमकाकर उसके साथ रेप किया। इसके बाद शादी का झांसा देकर तीन साल तक पीड़ीता का शारीरिक शोषण करता रहा। थाना पुलिस के अनुसार 29 वर्षीय युवती ने अपनी शिकायत में बताया कि तीन साल पहले वह एक निजी कंपनी में नौकरी करती थी। उसके साथ मनमोहन नागर नाम का युवक भी उसी कंपनी में काम करता था। एक साथ काम करने के दौरान उनके बीच दोस्ती थी, जो जल्द ही प्रैम-प्रसंग में बदल गई, और वह साथ घूमने फिरने लगे। आरोप है कि दिसंबर 2020 में मनमोहन पीड़ीता को घुमाने के बहाने निशातपुरा इलाके के एक होटल में ले गया। यहां उसने युवती के साथ जर्बदस्ती दुष्कर्म कर डाला। बाद में जब युवती ने परिजनों व पुलिस को शिकायत करने की धमकी दी, तब मनमोहन ने उससे कहा कि वह उससे प्रैम करता है, और जल्द ही शादी कर लेगा। उसके झांसे में आकर पीड़ीता खामोश रही और शिकायत नहीं की। जल्द ही शादी करने का वादा कर मनमोहन युवती का लगातार शारीरिक शोषण करता रहा। बीते दिनों जब युवती ने उसपर शादी करने का दबाव बनाना शुरु किया तो मनमोहन ने उसके साथ शादी करने से साफ इंकार करते हुए युवती से दुरियां बनानी शुरु की और उससे बात करना भी बंद कर दिया। इसके बाद युवती थाने जा पहुंची। आरोपी के खिलाफ बलात्कार का मामला कायम कर पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है।

**खास खबर** | गुरु नानक चैरिटेबल मेडिकल सेंटर द्वारा...

# मेडिकल कैंप में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 819 मरीजों का चेकअप

भोपाल (काप्र)।

**गुरु नानक चैरिटेबल मेडिकल सेंटर द्वारा गुरुद्वारा टीटी नगर परिसर में नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन रविवार को किया गया इसमें 819 मरीजों ने कैंप का लाभ उठाया कैंप बैसाखी के पावन पर्व को समर्पित था।**



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय स्टेट बैंक के जनरल मैनेजर भोपाल डिवीजन शैलेंद्र कुमार तारागी एवं विशेष अतिथि डॉ. हरप्रीत सिंह सलूजा चेयरमैन सेम ग्लोबल यूनिवर्सिटी कैंप का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया था। श्री तारागी ने कहा ने कहा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने मेडिकल उपकरणों के लिए 10 लाख रुपए दिए हैं मरीजों के चेकअप के लिए गुरु नानक मेडिकल चैरिटेबल सेंटर में लगा दिए गए है। उन्होंने कैंप की शुभकामनाएं दी और सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कैंप का निरीक्षण किया और सेवा कार्यों की सहारना की स्टेट बैंक जनहित में ऐसे कई सेवा कार्य करता है।

इस अवसर पर गुरु नानक चैरिटेबल मेडिकल सेंटर के अध्यक्ष जेपीएस अरोरा, सचिव उपकार प्रीत सिंह, प्रवक्ता गुरचरण सिंह अरोरा, गुरुद्वारा के अध्यक्ष जोगिंदर सिंह, कुलदीप सिंह गुलाटी, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे मेडिकल कैंप में नाक कान गला के 81, हड्डी रोग के 103, पेट संबंधित 51, चर्म रोग 95, मेडिसिन 81, हृदय रोग 50, होम्योपैथिक 61, आंखों के 248, पैथोलॉजी के 49, कुल 819 मरीजों ने कैंप में अपना चेकअप करवाया

प्रवक्ता गुरुचरण सिंह अरोरा ने बताया कि कैंप मैं विशेषज्ञ डॉक्टरों में नेत्र रोग डॉ.जगमीत कौर, डॉ.मनबीर सिंह, नाक कान गला डॉ . प्रदीप चौरे, हृदय रोग डॉ. गुरमीत सिंह, पैथोलॉजी डॉ. नमिता चौधरी, डॉ. जसप्रीत कौर, आस्थि रोग डॉ. सौरभ शर्मा, स्त्री रोग डॉ. श्रीमती आशा तिवारी, दंत रोग डॉ. अभिनव पांडेय, डॉ. शिवांगा पुरोहित, डॉ. सरबजीत कौर, चर्म रोग डॉ. अनुराग तिवारी, डॉ. पूर्वा शारदा, उधर रोग डॉ. वीरेंद्र सिंह चौधरी, चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ. अमरजीत सिंह चावला, डॉ. राकेश भार्गव, फिजीशियन डॉ. डी.सी. मिश्रा, डॉ.अक्षत खंडेकर, डॉ.ईशान मेवाड़ा, डॉ. हरप्रीत अरोरा, चेस्ट स्पेशलिस्ट डॉ. विवेक अरोरा एवं ऑडियो लोजी डॉ. वैभव जैन एवं होम्योपैथिक डॉ. बी.डी.सोनी, फिजियो थेरेपी डॉ. शालिनी मौली। द्वारा मरीजों मरीजों का निशुल्क चेकअप चेकअप किया।

गुरु नानक चैरिटेबल के अध्यक्ष जे.पी.एस. अरोड़ा ने बताया कि कि इस अवसर पर मोतियाबिंद के मरीजों के लिए कृतिम लेंस प्रत्यारोपण निन्शुल्क किया जा रहा है। बीपीएल कार्ड धारक मरीजों को दवाइयों मुफ्त दी गई।